प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: **18/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Rajendra Singh Yadav Add: 182, Dodiya Gali, Bedla, Udaipur

..............अपीलार्थी

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी बड़गांव, उदयपुर

...................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांक: 28/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329293861612511 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 07.11.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 3170551971 दिनांक 13.01.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/18/26/74–75 दिनांक 13.01.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी बड़गांव द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ.2005/26/387–388 दिनांक 29.01.2026 से प्रत्युत्तर प्रेषित करते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा ग्राम पंचायत बेदला से भवन का कब्जा सुपूर्द कराने बाबत् प्रार्थना पत्र के संबंध में आर.टी.आई. पोर्टल पर एप्लीकेशन नंबर 329791318049225 से ऑनलाईन सूचना चाही गई थी। जिसके संबंध में तहसीलदार बड़गांव द्वारा उनके पत्र पत्रांक 1223 दिनांक 15.12.2025 से सूचना उपलब्ध करवायी जाने के पश्चात् कार्यालय हाजा के पत्र क्रमांक 1897 दिनांक 17.12.2025 से साधारण डाक द्वारा श्रीमती मान कुंवर यादव, ग्राम पंचायत बेदला को सूचना से अवगत करवा दिया गया है।

अपीलार्थी द्वारा उपस्थित होकर निवेदन किया गया कि ग्राम पंचायत बेदला में स्थित मेरे पैतृक मकान को प्रत्यर्थी द्वारा खाली नहीं करवाया गया है। अतः उक्त मकान का खाली करवाये जाने का आदेश फरमावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा सूचना नहीं मांगी जाकर प्रकरण में जांच करने एवं ग्राम पंचायत बेदला में स्थित मकान को खाली करने हेतु निवेदन किया गया है। प्रत्यर्थी द्वारा पत्रावली पर जो दस्तावेज उपलब्ध है वे अपीलार्थी को

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

उपलब्ध करवा दिये गये है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत अभिलेखों में उपलब्ध सूचना ही प्रदान की जा सकती है। किसी प्रकरण में जांच कराने या कार्यवाही कराना इस अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved